## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 20.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

सरकार ने कल से शुरु हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान, संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, ने बैठक की अध्यक्षता की जिसमें संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन बैठक भी शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। उन्होंने कहा कि सदन के नेताओं ने उन मुद्दों पर अपने–अपने दलों का पक्ष रखा जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड के बड़ा लिसिया गांव में झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा की पहल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने की योजना को 15वें वित्त आयोग से मंजूरी मिली। इसके तहत मंत्री दीपक बिरुवा ने भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र सुदूरवर्ती ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा और यहां 24 घंटे डॉक्टर और सभी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

*****************

नामकुम स्थित आई.पी.एच. भवन में 22 जुलाई को राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मेला एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 126 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह शामिल रहेंगे। इस अवसर पर एमडीए रथ को भी प्रचार–प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

*****************

आज अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस है। यह दिवस 20 जुलाई 1969 को, चंद्रमा पर पहली बार किसी मनुष्य के कदम रखने की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष के चंद्र दिवस का विषय है–एक चंद्र, दृष्टि, एक भविष्य।
यह दिवस चंद्रमा पर अनुसंधान में विश्व समुदाय की उपलब्धियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों के शांतिपूर्ण उपयोग की ओर ध्यानाकर्षण करता है। इस अवसर पर ख़ासकर युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए कई आयोजन किए जाते हैं।

*****************

साहेबगंज में पॉक्सो एक्ट को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षा देने वाले प्रावधानों पर चर्चा की गई। मौके पर वक्ताओं ने बताया कि यह अधिनियम 2012 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था। विधिक सहायता के लिए प्राधिकार कार्यालय या नालसा हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

*****************

हजारीबाग के अन्नदा कॉलेज में रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन ललित कला को प्रोत्साहित करने और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से होते हैं।

*****************

जमशेदपुर में मिस एंड मिसेज सावन क्वीन का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक युवतियों और गृहणियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने नृत्य, गीत, अभिनय और मॉडलिंग के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजक स्नेहा ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को मंच देने और सावन माह को खास बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कुछ जिलों में रुक रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार 24 जुलाई तक राज्य के पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी भागों में बारिश की संभावना जताई गई है। साथ ही वज्रपात और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**************